>

Title: Need to provide fertilizers to farmers at reasonable price and make arrangements for purchase of their paddy through procurement centres in Faizabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद): मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के मेरे लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद के अंतर्गत आने वाले जनपदों फैजाबाद तथा बाराबंकी में गेहूं की बुआई के इस मौसम में उर्वरक (डाई) की उपलब्धता न होने की ओर दिलाना चाहता हूं। किसान इस खाद की मूल्यवृद्धि के कारण और बाजार में इसके उपलब्ध न होने के कारण परेशान है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इसकी मूल्यवृद्धि वापस ली जाये व राज्य सरकारों को निर्देशित किया जाये कि उर्वरक की वितरण व्यवस्था को वह ठीक करें।

किसानों को अपना धान क्रय केन्द्रों में बेचने की भी अव्यवस्था के कारण राज्य सरकार को निर्देशित कर धान क्रय केन्द्र शीघ्र खुलवाने की व्यवस्था करायी जाये।